लोक सभा अध्यक्ष ने वियतनाम के राष्ट्रपति, वियतनाम के कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और वियतनाम के प्रधानमंत्री से मुलाकात की

हनोई (वियतनाम), 31 मार्च, 2015: माननीय अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन जो हनोई वियतनाम में अंतर-संसदीय संघ की 132वीं सभा में भाग ले रही हैं, ने सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ वियतनाम के शीर्ष राजनेताओं से मुलाकात की ।

कल उन्होंने राष्ट्रपति श्री ट्रंग टैन सैंग, वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव श्री गुयेन फू ट्रांग और प्रधानमंत्री श्री गुयेन टैन डंग से मुलाकात की । उन्होंने वियतनाम के नेताओं के साथ द्विपक्षीय महत्व के मामलों पर चर्चा की और दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत करने की इच्छा व्यक्त की ।

29 मार्च 2015 को उन्होंने नेशनल असेम्बली के चेयरमैन श्री गुयेन सिंह हुंग से मुलाकात की थी । वह एकमात्र ऐसी नेता हैं जिन्हें अंतर-संसदीय संघ की इस सभा के दौरान वियतनाम के सभी शीर्ष नेताओं से मुलाकात करने का अवसर प्राप्त हुआ है । इससे वियतनाम द्वारा उनकी यात्रा को दिए गए महत्व और भारत के साथ उनके मजबूत संबंधों का पता चलता है । उन्होंने वियतनाम को अंतर-संसदीय संघ की सभा के सभी प्रतिभागियों के लिए किए गए शानदार आयोजन और मेजबानी के लिए धन्यवाद दिया । उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पर्यटन, फार्मास्यूटिकल, नागर विमानन, कृषि और प्रौद्योगिकी कुछ ऐसे प्रमुख क्षेत्र हैं जिनमें दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को और बढ़ाया जा सकता है । उन्होंने यह आशा भी व्यक्त की कि वियतनाम में पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उचित ढंग से मनाया जाएगा ।